**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने आज तड़के श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी-एफ17 रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस-05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

***मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि GSLV-F17 वाहन ने उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 को सफलतापूर्वक और सटीक रूप से उसकी निर्धारित और आवश्यक कक्षा में स्थापित कर दिया है। और, हमने इस प्रक्षेपण वाहन का उपयोग करके सबसे भारी उपग्रह को स्थापित किया है। एक बार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 के चालू हो जाने के बाद, यह भू-कक्षा से भारत का पहला समर्पित इमेजिंग उपग्रह बन जाएगा, जो हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक डेटा प्रदान करेगा।***

........................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंचकूला के सेक्टर-5 में सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में नमो क्रिकेट लीग-2026 की ट्रॉफी का अनावरण किया। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही नमो क्रिकेट लीग में 5 राज्यों की 3 हजार से अधिक टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए क्रिकेट में भी हाथ आजमाया। मुख्यमंत्री ने खेल प्रतिभाओं और कलाकारों को सम्मान स्वरूप क्रिकेट बैट और बॉल भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री

ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी से नशामुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसका शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर किया जा रहा है।

************************************************************

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन त्योहार पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज एक सोशल मीडिया संदेश में सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

************************************************************

आज जन्माष्टमी पर हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में मंदिरों को फूलों से सजाया गया है।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जारी है। लोग मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर रहा हैं और भजन-कीर्तन का प्रवाह चल रहा है। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया गया है। अंबाला छावनी के सनातन धर्म मंदिर में रात को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित विभिन्न झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी।

************************************************************

फरीदाबाद ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी पलवल के थाना चांदहट के ई.एस.आई होशियार सिंह के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया है। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक शिकायत के आधार पर उसे 7 जुलाई को दो लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जांच पूरी होने के बाद कल आरोप पत्र दाखिल किया गया।

************************************************************

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज से 6 तारीख तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान चंडीगढ़, पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर एवं करनाल सहित हरियाणा में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

*************************************************************

पलवल जिले के हथीन खंड की ग्राम पंचायतों में 7 सितंबर से पहली अक्तूबर तक विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उपमंडल अधिकारी हरिराम ने बताया कि इन सभाओं के जरिए परिवार पहचान पत्र के लिए जरूरी सत्यापन किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय अन्न योजना के परिवार, 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवार और सदस्यों के व्यवसाय का सत्यापन शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र ग्रामीणों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और सही आंकड़े अपडेट करना है।

*************************************************************

हरियाणा के सहकारिता क्षेत्र में वित्तीय प्रदर्शन, डिजिटल सेवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा वितरण, अनाज भंडारण तथा सहकारी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लाभ में चल रही प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों -पैक्स की संख्या 33 से बढ़कर 51 हो गई है, जबकि प्रथम चरण के तहत चिन्हित सभी 710 पैक्स का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। जबकि वर्तमान में 515 पैक्स जन सेवा केंद्र  के रूप में कार्य कर रही हैं।

*************************************************************